# बीएचईएल ने ओएनजीसी के साथ नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय के क्षेत्र में सहयोग एवं संयुक्त परियोजनाओं के नये अवसरों की खोज के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



**नई दिल्ली, 10 जनवरी:** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय के क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाओं के नये अवसरों की खोज व सहयोग तथा फ़्युल सेल, इलेक्ट्रोलाइज़र और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली पर आधारित परियोजनाओं के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह समझौता ज्ञापन देश के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन में योगदान देने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के अंतर्गत उभरते क्षेत्रों में सहयोग के लिए दोनों संगठनों की संयुक्त शक्तियों का लाभ उठाने में सहायता करेगा।

सुश्री बानी वर्मा, निदेशक (औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद) एवं निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) - अतिरिक्त प्रभार, बीएचईएल, और श्री अरुणांगशु सरकार, निदेशक (स्ट्रेटेजी एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स), ओएनजीसी, तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

यह सहयोग भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के अनुरूप है, तथा स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाने व बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

*****